Title: Need to accord early approval to the proposal for installation of hand pumps in Bihar with the Financial assistance of World Bank.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय): सभापति महोदय, राजकीय नलकूप की प्रथम चरण की योजना विश्व बैंक की सहायता से कार्यान्वित की गई थी जो मई, १९९४ को समाप्त हो गई है। प्रथम चरण में ली गई कई योजनाएं प्रारम्भ नहीं की जा सकीं, क्योंकि विश्व बैंक की सहायता मई, १९९४ में समाप्त हो गई थी। प्रथम चरण के इन बचे हुए नलकूपों के लिए योजना पुनः विश्व बैंक की सहायता हेतु भेजी गई हैं इसके अतिरिक्त २००० नए राजकीय नलकूपों के निर्माण की योजना भी इस परियोजना में शामिल है। इस योजना की कुल लागत ११२६.६८ करोड़ है। राज्य सरकार के पत्रांक ४६३, दिनांक १७.२.१९९४ द्वारा परियोजना भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय को भेजी गई है। परियोजना भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय में लम्बित है। सरकार को चाहिए कि लम्बे समय से लम्बित पड़े मामले को शीघ्र स्वीकृत करे।